डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

आवश्यक सूचना

[Scrutiny For MBBS-1st Proff., MBBS-2nd Proff. & MBBS 3rd Proff. Part I & II (Reg. & Suppl.)-Examination Jun/July 2022]

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध टी.एस.मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, लखनऊ में संचालित MBBS पाठ्यक्रम के अन्तर्गत MBBS-1st Proff., MBBS-2nd Proff. & MBBS 3rd Proff. Part I & II (Reg. & Suppl.)-Examination Jun/July 2022 हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा–कार्यक्रम के अनुसार आयोजित उक्त परीक्षाओं के माह अगस्त/सितम्बर, 2022 में निर्गत परीक्षाफल के दृष्टिगत विश्वविद्यालय में प्रचलित व्यवस्थानुसार स्क्रूटनी (Scrutiny) हेतु इच्छुक विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे **विश्वविद्यालय स्तर पर स्क्रूटनी–ऑन–लाइन आवेदन निम्नानुसार भरना सुनिश्चित करें:–**

1) विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित हो रहे लिंक https://dsmnru erp.in/mbbs-exam-form-login के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या/अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये स्क्रूटनी (Scrutiny) हेतु **ऑन–लाइन आवेदन दिनांक 23.09.2022 से दिनांक 28.09.2022 तक भर सकते हैं।** संबंधित विद्यार्थी उक्त ऑन–लाइन आवेदन की मूलप्रति समस्त संलग्नकों सहित संबंधित संस्थान/कॉलेज में अनिवार्य रूप से जमा करते हुए उसकी एक छायाप्रति अपने पास रिकार्ड हेतु अवश्य सुरक्षित रखें।

2) संबंधित विद्यार्थी स्क्रूटनी के लिये निर्धारित शुल्क रू0 500/–मात्र प्रति प्रश्न–पत्र की दर से बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow के नाम से संचालित खाता संख्या–36510100000025 (IFSC-BARB0MOHAAN) में RTGS/NEFT के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे। निर्धारित स्क्रूटनी शुल्क सहित पूर्ण एवं स्पष्ट ऑन लाइन आवेदन के जमा किये बिना स्क्रूटनी नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी/संबंधित संस्थान की होगी तथा किसी भी दशा में शुल्क वापसी नहीं की जायेगी। अतएव स्कूटनी–आवेदन को सावधानी पूर्वक भरें। ऑन लाइन सबमिशन की किसी भी समस्या हेतु हेल्प लाइन नं0–9667277184 तथा ई–मेल–dsmnru.help@gmail.com पर सम्पर्क करें। **ऑनलाइन स्क्रूटनी आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख/निर्देश:–**

1. 30-50 KB साइज की स्कैन्ड फोटो सॉफ्ट कॉपी में। **2** 10-30 KB साइज की स्कैन्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी में।
3. 30-50 KB साइज में शुल्क सम्बंधी रसीद की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में। **4.** फोटाग्राफ, हस्ताक्षर, अन्य अभिलेख किसी एक प्रारूप .jpeg, .jpg, .png, .tif में। उपर्युक्तानुसार स्क्रूटनी (Scrutiny) हेतु ऑन–लाइन आवेदन निर्धारित तिथि 28.09.2022 तक प्रत्येक दशा में भरना सुनिश्चित करें जिससे स्कूटनी प्रकिया ससमय सम्पादित कराई जा सके।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः CoE–368/CoE-40/Scrutiny-MBBS Exam- Jun/July,2022/TSM/DSMNRU/2022–23 दिनांक 22.09.2022

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. डीन/प्राचार्य, टी0एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल, लखनऊ अपने स्तर से उपरोक्तानुसार तत्काल सूचित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही/अनुपालन सुनिश्चित करें तथा ऑनलाइन आवेदन की हार्ड–कॉपी (मय संलग्नक, अनिवार्य रूप से जमा किये गये परीक्षा शुल्क सम्बंधी अभिलेख सहित) अपने संस्थान में सुरक्षित रखें तथा उससे संबंधित सूचीबद्ध सम्पूर्ण विवरण सहित ससमय अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
5. प्रतिनिधि, सम्बद्ध एजेन्सी, परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।
6. शाखा प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा, मोहान रोड, विश्वविद्यालय, परिसर, लखनऊ।
7. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग।

22/9/22
(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक